समाचार

अन्य पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के सर्वेक्षण सूची में दावा आपत्ति 20 मई तक

कोरबा 17 मई 2022 – क्वांटिफायबल डाटा आयोग के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 01 से 67 तक अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के सर्वेक्षण तथा डाटा संग्रहण का कार्य किया गया है, जिसका डाटा एंट्री कार्य पूर्ण कर वार्डवार सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 31 जनवरी 2022 में नगर पालिक निगम कोरबा के क्षेत्रीय कार्यालयों में जोनवार किया गया था। तत्पश्चात शेष अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के सर्वेक्षण का कार्य वर्तमान में किया गया है, जिसकी सूची का प्रकाशन निगम के जोन कार्यालयों में किया गया है, जिस पर दावा आपत्ति निगम के जोन कार्यालय में प्राप्त किया जाना हैं। आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने तत्संबंध में सूचना पत्र जारी कर जनसामान्य से कहा है कि वे 20 मई 2022 तक कार्यालयीन समयावधि में निगम के क्षेत्रीय कार्यालय (जोन कार्यालय) में उपस्थित होकर डाटा एंट्री का मिलान कर उक्त संबंध में दावा आपत्ति कर सकते हैं, निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।